# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- विधानसभा के बजट सत्र में आज अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर होगी चर्चा, राज्य की विधि व्यवस्था के सवाल पर आज भी हंगामे के आसार।
- एनटीपीसी डीजीएम हत्याकांड को लेकर डीजीपी आज हजारीबाग में पुलिस अधिकारियों के साथ करेंगे बैठक, कुख्यात अपराधी अमन साहू को पूछताछ के लिए रायपुर से लाया गया रांची।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लातेहार से दो हार्डकोर उग्रवादी गिरफ्तार।
- राजधानी रांची का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने का जताया पूर्वानुमान।
- सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड 10 वर्षों बाद पहुंचा फाइनल में, सेमीफाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को पेनाल्टी शूटआउट में तीन–दो से किया पराजित।।

********************

विधानसभा के बजट सत्र का आज 11वां दिन है। आज विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों और कटौती प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके साथ ही राज्य की विधि–व्यवस्था के सवाल पर विपक्ष आज फिर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। इस कारण सदन में हंगामे के आसार हैं।

********************

राज्य में विधि व्यवस्था के सवाल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने आरोप लगाया कि राज्य में आपराधिक घटनाओं को रोकने में सरकार नाकाम साबित हो रही है।

इस बीच सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक दल झामुमो के केन्द्रीय महासचिव मनोज पांडेय कहा है कि सरकार अपना काम कर रही है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

********************

हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम कुमार गौरव और रांची में कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा की हत्या मामले के खुलासे के लिए पुलिस प्रशासन की गतिविधियां तेज हो गयी हैं। इस सिलसिले में डीजीपी अनुराग गुप्ता आज हजारीबाग में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इस बीच छतीसगढ़ के रायपुर जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन साहू को झारखंड पुलिस रांची लेकर आयी है। झारखंड एटीएस और एसआईटी दोनों हत्याकांड को लेकर अमन साहू से गहन पूछताछ करेंगी। इससे पहले पत्रकारों से बातचीत में डीजीपी ने साफ तौर पर कहा कि कुछ आपराधिक गिरोह जेल के अंदर से अपराध का संचालन कर रहे हैं।

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। लातेहार से पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने इसकी पुष्टि की।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

जमशेदपुर में पुलिस ने तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किये गये हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी अपराधी हत्या की घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे।

********************

मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की तबीयत बिगड़ गयी है। उन्हें इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया है।

********************

जमशेदपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी मनाई गई। इस दौरान अटल विरासत सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पाण्डेय मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा की अटल बिहारी वाजपेयी देश के एक मात्र ऐसे नेता थे, जिन्हें सुनने के लिए विपक्ष भी आतुर रहता था।

********************

सिमडेगा जिले में होली के मद्देनजर प्राकृतिक विधि से हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है।

********************

रांची–गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल से होगा। यह ट्रेन बोकारो स्टील सिटी, गोमो जंक्शन, कोडरमा, गया के रास्ते चलेगी। कल रांची से जयनगर के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन चलायी जायेगी।

********************

संक्षिप्त खबरें

- देवघर स्थित आरडीबीएम कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद–2025 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में देवघर, जामताड़ा और गोड्डा जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।
- सरायकेला–खरसावां जिला मुख्यालय गेराज चौक पर अतिक्रमण हटाने के लिए 11 दुकानदारों को नोटिस दी गयी। नोटिस में दुकानदारों को केवल सात दिनों का समय दिया गया है।
- गोड्डा कॉलेज में करीब 15 वर्षो से संचालित बीएड कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गयी है। बताया जाता है कि निर्धारित मानकों का अनुपालन नहीं करने के कारण इसकी मान्यता रद्द की गयी है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी जिलों का अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अधिकतर जिलों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो होली के दिन 15 मार्च को आकाश में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

********************

सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की टीम दस वर्षों बाद फाइनल में पहुंच गयी है। हरियाणा के पंचकुला में खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को पेनाल्टी शूटआउट में तीन–दो से किया पराजित। फाइनल में कल झारखंड का मुकाबला हरियाणा से होगा।

********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने गढ़वा जिले में पटाखे की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– पटाखे की दुकान में चिनगारी से लगी आग, दम घुटने से तीन बच्चों सहित पांच की मौत।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में कानून व्यवस्था पर विधानसभा में भाजपा का हंगामा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– अब दूर होगी चिकित्सकों की कमी, 163 को कल स्वास्थ्य मंत्री इरफान देंगे नियुक्ति पत्र।

दैनिक जागरण ने रांची– गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन कल से होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*****************